आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

**1910 सोमवार** **27.01.2025**

मुख्य समाचारः—

1— प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के तहत नामांकन जमा करने की अंतिम तारीख कल अट्ठाईस जनवरी है।

2— राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत तीनों चरणों के लिए निर्वाचन की अधिसूचना आज जारी कर दी है।

3— बस्तर संभाग के माओवाद प्रभावित छब्बीस गांवों में कल गणतंत्र दिवस पर आजादी के बाद पहली बार ग्रामीणों और सुरक्षा बलों ने मिलकर फहराया तिरंगा।

4— मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में ठंड कम होने के साथ ही न्यूनतम तापमान में हो सकती है वृद्धि।

नगरीय निकाय—चुनाव

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के तहत नामांकन जमा करने की अंतिम तारीख कल अट्ठाईस जनवरी है। नामांकन पत्रों की जांच उनतीस जनवरी को की जाएगी। अभ्यर्थियों द्वारा इकतीस जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान ग्यारह फरवरी को होगा। मतगणना और चुनाव परिणाम की घोषणा पंद्रह फरवरी को की जाएगी।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने सभी दस नगर निगमों के लिए महापौर प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है। रायपुर से भाजपा ने मीनल चौबे तो कांग्रेस ने दिप्ती प्रमोद दुबे को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं, दुर्ग से भाजपा ने अलका बाघमार तो कांग्रेस ने प्रेमलता पोषण साहू को चुनाव मैदान में उतारा है। बिलासपुर से भाजपा की पूजा विधानी का मुकाबला कांग्रेस के प्रमोद नायक से होगा। इसी तरह, राजनांदगांव सीट पर भाजपा के मधुसूदन यादव और कांग्रेस के निखिल द्विवेदी आमने—सामने होंगे। अंबिकापुर से भाजपा की प्रत्याशी मंजूषा भगत और कांग्रेस से अजय तिर्की चुनाव मैदान में हैं। जगदलपुर में भाजपा ने संजय पांडेय को प्रत्याशी बनाया है तो वहीं मलकीत सिंह गैदू कांग्रेस से चुनाव लड़ेंगे। धमतरी नगर निगम में भाजपा से जगदीश रामूरोहरा का मुकाबला कांग्रेस के विजय गोलछा से होगा। वहीं, रायगढ़ सीट पर भाजपा के जीवर्धन चौहान और कांग्रेस के जानकी काटजू अपनी किस्मत आजमाएंगे। कोरबा में भाजपा ने संजू देवी राजपूत तो कांग्रेस ने उषा तिवारी को चुनाव मैदान में उतारा है। इसी तरह, चिरमिरी सीट पर भाजपा के रामनरेश राय का मुकाबला कांग्रेस के डॉक्टर विनय जायसवाल से होगा।

वहीं, भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रमुख पार्टियों ने विभिन्न नगर पालिका और नगर पंचायत में भी अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

कांग्रेस प्रत्याशी बदलाव

कांग्रेस ने अंतागढ़ नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के अपने प्रत्याशी को बदल दिया है। कांग्रेस ने पहले सूर्यश नेताम की प्रत्याशी के तौर पर घोषणा की थी, लेकिन उनकी उम्र पात्रता के जरूरी निर्धारित उम्र से दो महीने कम पाई गई। इसलिए अब कांग्रेस ने सूर्यश के स्थान पर उनकी मां कुंती नेताम को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया है। वहीं, बरमकेला नगर पंचायत से सत्यभामा मनोहर नायक कांग्रेस प्रत्याशी घोषित की गई है।

पंचायत चुनाव–अधिसूचना

राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत तीनों चरणों के लिए निर्वाचन की अधिसूचना आज जारी कर दी है। इसी के साथ नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख तीन फरवरी निर्धारित की गई है। नामांकन पत्रों की जांच चार फरवरी को की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि छह फरवरी है। संबंधित त्रिस्तरीय पंचायतों में तीन चरणों में – सत्रह, बीस और तेईस फरवरी को वोट डाले जाएंगे और इसी दिन मतदान केन्द्रों में मतगणना होगी। आवश्यक होने पर खंड मुख्यालय पर वोटों की गिनती अट्ठारह, इक्कीस और चौबीस फरवरी को की जाएगी।

ईओडब्ल्यू/एसीबी–छापा

छत्तीगसढ़ मेडिकल कार्पोरेशन में हुई कथित गड़बड़ी के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू और एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने आज रायपुर, दुर्ग समेत कई जिलों में सप्लायरों के ठिकानों पर दबिश दी है। यह कार्रवाई सीजीएमएससी के अधिकारियों और मेडिकल सामग्री के आपूतिकर्ताओं के यहां चल रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक ईओडब्ल्यू और एसीबी की टीम पुलगांव चौक दुर्ग स्थित मोक्षित कारपोरेशन के ऑफिस और दुर्ग कोर्ट के पीछे खंडेलवाल कॉलोनी स्थित सप्लायर के घर सहित उसके सभी भाइयों के ठिकानों पर दस्तावेजों की जांच कर रही है।

गौरतलब है कि यह कार्रवाई पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई सौ करोड़ रूपए से अधिक की दवाओं और उपकरणों की आपूर्ति में कथित गडबड़ी को लेकर की जा रही है। विधानसभा सत्र के दौरान जब यह मामला उठा था, तब स्वास्थ्य मंत्री ने ईओडब्ल्यू से जांच का आश्वासन दिया था।

गणतंत्र दिवस–बस्तर

बस्तर संभाग के बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर और कांकेर जिले के अंदरूनी और सुदूर वनांचल सहित संपूर्ण क्षेत्रों में कल गणतंत्र दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। बस्तर संभाग में गणतंत्र दिवस का आयोजन इस बार इतिहास में दर्ज हुआ है। ऐसे छब्बीस गांव, जो कभी माओवादियों के खौफ और आतंक के साए में जीने को मजबूर थे, अब शांति और विकास की नई राह पर चल रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा संचालित माओवाद उन्मूलन अभियान की सफलता के चलते गांवों में सुरक्षा और विश्वास का नया माहौल बनने से इस बार छब्बीस गांवों में आजादी के बाद पहली बार ग्रामीणों ने तिरंगा फहराया और पूरे उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाया। बस्तर संभाग के अतिसंवेदनशील माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में छब्बीस जनवरी दो हजार चौबीस के बाद से वर्तमान में छब्बीस नये सुरक्षा शिविर स्थापित किए गए हैं।

बस्तर के इन क्षेत्रों में पहले जहां माओवादी, लोकतंत्र का विरोध करते थे, छब्बीस जनवरी को ग्रामीणों ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर राष्ट्रीय पर्व का जश्न मनाया। सुबह स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने प्रभातफेरी निकाली। इस दौरान वंदेमारतम और जय हिन्द के नारे लगाए गए। वहीं, माओवादी हिंसा में बलिदान हुए जवानों को याद कर उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही उनके परिजनों का सम्मान भी किया गया। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि राज्य सरकार और सुरक्षा बलों के सामूहिक प्रयासों से बस्तर संभाग में शांति और लोकतंत्र की बहाली हुई है।

ट्रेन परिचालन

प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा पांच कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में दुर्ग–कटनी–दुर्ग के मध्य कुल चार फेरों के लिए दो स्पेशल ट्रेनों की सुविधा दी जा रही है। दुर्ग–कटनी–दुर्ग कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन इकतीस जनवरी अैर पांच, चौदह तथा अट्ठाईस फरवरी को चलेगी।

इसी तरह, दुर्ग–वाराणसी–दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन दुर्ग से आठ फरवरी और वाराणसी से दस फरवरी को रवाना होगी। वहीं, बिलासपुर–वाराणसी–बिलासपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन, बिलासपुर से बाईस फरवरी को और वाराणसी से चौबीस चौबीस फरवरी को रवाना होगी। दुर्ग–टुंडला–दुर्ग कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन 15 फरवरी को दुर्ग से टूंडला के लिए चलेगी। इसी प्रकार यह ट्रेन सत्रह फरवरी को टूंडला से दुर्ग के लिए चलेगी।

इन ट्रेनों के अलावा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर गुजरने वाली तीस ट्रेनों में भी प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मे भाग लेने वाले इच्छुक श्रद्धालुओं को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

माओवादी–ग्रामीण हत्या

बीजापुर जिले के केशामुण्डी गांव में बीती रात माओवादियों ने मुखबिरी का आरोप लगाते हुए धारदार हथियार से एक ग्रामीण की हत्या कर दी है। सूचना पर पहुंची भैरमगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार ग्रामीण की पहचान केशामुंडी निवासी भदरू सोढ़ी के रूप में हुई है।

दुर्घटना

बालोद जिले के डौंडी थाना क्षेत्र में देर रात एक कार हादसे का शिकार हो गई, जिसमें एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, तीन साल की बच्ची और पिता गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, बच्ची की हालत गंभीर होने पर उसे राजनांदगांव रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात ये सभी कार में सवार होकर लाटाबोड़ से घोठिया आ रहे थे। तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर अज्ञात वाहन से टकराने के बाद पेड़ से टकरा गई।

उधर, गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के पीपरखूंटी गांव के पास यात्रियों को लेकर जा रहा एक मालवाहक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ग्यारह यात्री घायल हो गए हैं। सभी घायलों को पेंड्रा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि वाहन में सवार ये सभी लोग अनूपपुर जिले के राजेंद्रग्राम के निवासी हैं, जो बिलासपुर जिले के खोंगसरा गए हुए थे।

जमानत याचिका–खारिज

कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू और कारोबारी सूर्यकांत तिवारी की जमानत याचिका को एक बार फिर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने ख़ारिज कर दिया है। दोनों ने ही अदालत में जमानत के लिए याचिका दायर की थी, जिसे जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगल बेंच ने खारिज कर दिया है।

मौसम

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के न्यूनतम तापमान में वृद्धि का दौर एक फरवरी से शुरू होने की संभावना है। तापमान में यह वृद्धि तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन बंद हो रहा है। इसके कारण प्रदेश के न्यूनतम तापमान में वृद्धि होगी।

संक्षिप्त समाचार

– राज्यपाल रमेन डेका ने अपने गरियाबंद जिले के प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत रुद्राक्ष का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

– रायपुर स्थित हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में कॉन्सीट्यूशन एट सेवंटी फाइव श्रृंखला का कल गणतंत्र दिवस पर समापन हुआ। इस दौरान अंबेडकर स्मारक व्याख्यान और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

– जांजगीर–चांपा जिले के बोरदा फाल के पास नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। यह व्यक्ति राहौद नगर का रहने वाला बताया जा रहा है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>